# १६: शिलांग से फोन

## प्रश्नावली

प्रश्न 1. पढ़ो और सुनो

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संगीत | भैया | हाल-चाल | याद करना | शुभकामनाएँ |
| इच्छा | भाभी | ठीक-ठाक | बात करना | जीते रहो |
| बगीचा | जीजा | प्रणाम | अभ्यास करना | मज़े में हैं |

प्रश्न 2. पढों और समझो

(क) पुल्लिंग

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | किताब | खेल | रहा हूँ |
| तुम | काम | कर | रहे हो |
| वह | फुटबाल | पढ़ | रहा है |
| श्याम | | | रहे हैं |
| हम | | | |
| आप | | | |
| वे | | | |
| पिता जी | | | |

स्त्रीलिंग

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | किताब | खेल | रही हूँ |
| तुम | काम | कर | रहे हो |
| वह | खो - खो | पढ़ | रही है |
| गीता | | | रही हैं |
| हम | | | |
| आप | | | |
| वे | | | |
| माता जी | | | |

(ख) छुट्टी-अवकाश मज़ा-उमंग प्रणाम-नमस्कार

इच्छा-चाह ज़रूर-अवश्य

प्रश्न 3.कोष्ठक में दी गई क्रियाओं से वाक्य पूरे करो

रहा हूँ, रहा है, रही है, रहे हैं, रही हैं

1. मैं स्कूल जा.........................
2. पिता जी बगीचे में टहल.........
3. शीला बाज़ार से आ...............
4. लड़कियाँ कमरे में पढ...........

5. लड़के मैदान में क्रिकेट खेल.....

प्रश्न 4.कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से नमूने के अनुसार वाक्य बदलो

(क) नमूनाः

राजन रोज स्कूल जाता है। (अभी)

राजन अभी स्कूल नहीं जा रहा है।

1. वे रोज़ बाज़ार जाते हैं। (आज).....................

2 मेरा भाई रोज़ यहाँ आता है। (इस समय).........

3. गीता प्रतिदिन गाना गाती है। (इस समय).......

(ख) नमूनाः

मोहन प्रतिदिन दूध पीता है। (चाय)

मोहन इस समय चाय पी रहा है।

1. हम प्रतिदिन कसरत करते हैं। (व्यायाम).............

2. रीता रोज़ रोटी खाती है। (फल).........................

3. बाबू जी हमेशा कलम से लिखते हैं। (पेंसिल)........

4. रमेश रोज़ सुबह पार्क में जाता है। (स्कूल)...........

5. अरविंद रोज़ शाम को पढ़ाई करता है। (सुबह).....

प्रश्न 5.निम्नलिखित शब्दों की सहायता से वाक्य बनाओ ।

1. ठीक-ठाक
2. अभ्यास करना
3. मज़े में
4. पानी देना
5. बात करना

प्रश्न 6. प्रश्नों के उत्तर दो

1. अमरनाथ कौन है ?
2. श्यामला क्या कर रही है?
3. राजेश क्या कर रहा है?
4. श्यामला इन दिनों क्या सीख रही है?
5. भाभी जी क्या कर रही हैं?

उत्तर 1: छात्र ऊपर लिखे शब्दों को स्वयं पढ़ें एवं अपने मित्रों को पढ़कर सुनाएँ।

उत्तर 2: छात्र ऊपर लिखे शब्दों को स्वयं पढ़ें एवं समझें।

उत्तर 3:

1. मैं स्कूल जा रहा हूँ।
2. पिताजी बगीचे में टहल रहे हैं।
3. शीला बाजार से आ रही है।
4. लड़कियाँ कमरे में पढ़ रही हैं।
5. लड़के मैदान में क्रिकेट खेल खेल रहे हैं।

उत्तर 4: (क)

1. वे आज बाजार नहीं जा रहे हैं।
2. मेरा भाई इस समय यहाँ नहीं आया है।
3. गीता इस समय गाना नहीं गा रही है।

(ख)

1. हम इस समय व्यायाम कर रहे हैं।
2. रीता इस समय फल खा रही है ।
3. बाबू जी इस समय पेंसिल से लिख रहे हैं ।
4. रमेश इस समय स्कूल जा रहा है ।
5. अरविंद सुबह से पढ़ाई कर रहा है ।

उत्तर 5: 1. घर में सब ठीक-ठाक हैं ।

2. मैं रोज़ लिखने का अभ्यास करता हूँ।

3. हम सब मज़े में हैं ।

4. पेड़ों को रोज़ पानी देना चाहिए।

5. मोहन सोहन से हर समय बात करता रहता है ।

उत्तर 6: 1. अमरनाथ रमा का भाई है ।

2. श्यामला संगीत का अभ्यास कर रही है।

3. राजेश टेबल-टेनिस खेल रहा है ।

4. श्यामला इन दिनों संगीत सीख रही है ।

5. भाभी जी बगीचे में पौधों को पानी दे रही हैं ।